**उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग,**
**पिकप भवन, तृतीय तल, गोमतीनगर,**
**लखनऊ – 226010**

**संख्या- 13 /02/विज्ञापन अनुभाग (ग्यारह)/2026/01-परीक्षा/2026**

लखनऊ : दिनांक : 28 मार्च, 2026

**शुद्धि-पत्र**

चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवा निदेशालय, उ0प्र0, के नियंत्रणाधीन भेषजिक के रिक्त 560 पदों पर चयन हेतु प्रेषित अधियाचन के क्रम में आयोग द्वारा **विज्ञापन संख्या-01-परीक्षा/2026, भेषजिक मुख्य परीक्षा (प्रा0अ0प0-2025)/02 के अंतर्गत** कुल रिक्त 560 पदों पर चयन हेतु दिनांक 28-02-2026 को विज्ञापन प्रकाशित किया गया है। उक्त विज्ञापन के अंतर्गत ऑनलाइन आवेदन/ शुल्क जमा करना प्रारम्भ होने की तिथि 09-03-2026, ऑनलाइन आवेदन/ शुल्क जमा /आवेदन सबमिट करने की अंतिम तिथि 29-03-2026 तथा शुल्क समायोजन एवं आवेदन में संशोधन की अंतिम तिथि 05-04-2026 निर्धारित है।

विज्ञापन संख्या-01-परीक्षा/2026, भेषजिक मुख्य परीक्षा (प्रा0अ0प0-2025)/02 के बिन्दु संख्या-04 में यह उल्लिखित है कि विज्ञापित रिक्तियों की कुल व श्रेणीवार संख्या घट/बढ़ सकती है। तदनुक्रम में पूर्व में विज्ञापित पदों के अतिरिक्त निम्नलिखित सारणी में उल्लिखित विभागों के नियंत्रणाधीन भेषजिक के रिक्त 04 पदों को भी उक्त विज्ञापन के अंतर्गत सम्मिलित किया जा रहा है। इस प्रकार प्रश्नगत विज्ञापन के अंतर्गत अब संशोधित कुल रिक्त 564 पदों पर चयन की कार्यवाही की जायेगी।

**1-प्रश्नगत विज्ञापन के अंतर्गत पूर्व में विज्ञापित पदों के अतिरिक्त विभागवार सम्मिलित किये जा रहे पदों की संख्या व उनके सापेक्ष लम्बवत आरक्षण का विवरण-**

| क्र. सं. | विभाग का नाम | पदनाम | लेवल/ वेतनमान/ वेतन बैण्ड/ ग्रेड-पे | अधियाचित कुल रिक्त पदों का आरक्षण वार विवरण | | | | | | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | अनारक्षित | अनुसूचित जाति | अनुसूचित जनजाति | अन्य पिछड़ा वर्ग | आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के लिए (E.W.S.) | कुल पद | स्थायी/ अस्थायी |
| 1 | महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ, वाराणसी | भेषजिक (विशेष चयन) | लेवल-5, वेतनमान (न्यूनतम): 5200, वेतनमान (अधिकतम): 20200, ग्रेड पे: 2800 | -- | 01 | 00 | 00 | -- | 01 | स्थायी |
| 2 | माँ विंध्यवासिनी विश्वविद्यालय मीरजापुर | भेषजिक | लेवल-5, वेतनमान (न्यूनतम): 5200, वेतनमान (अधिकतम): 20200 | 01 | 00 | 00 | 00 | 00 | 01 | अस्थायी |

| क्र. सं. | विभाग का नाम | पदनाम | लेवल/ वेतनमान/ वेतन बैण्ड/ ग्रेड-पे | अधियाचित कुल रिक्त पदों का आरक्षण वार विवरण | | | | | | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | अनारक्षित | अनुसूचित जाति | अनुसूचित जनजाति | अन्य पिछड़ा वर्ग | आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के लिए (E.W.S.) | कुल पद | स्थायी/ अस्थायी |
| 3 | माँ पाटेश्वरी विश्वविद्यालय, बलरापुर | भेषजिक | लेवल-5, वेतनमान (न्यूनतम): 29200, वेतनमान (अधिकतम): 92300 | 01 | 00 | 00 | 00 | 00 | 01 | अस्थायी |
| 4 | गुरू जम्भेश्वर युनिवर्सिटी, मुरादाबाद | भेषजिक | लेवल-5, वेतनमान (न्यूनतम): 5200, वेतनमान (अधिकतम): 20200, ग्रेड पे-2800 | 01 | 00 | 00 | 00 | 00 | 01 | अस्थायी |
| **कुल योग** | | | | **03** | **01** | **00** | **00** | **00** | **04** | |

**2-प्रश्नगत विज्ञापन के अंतर्गत पूर्व में विज्ञापित पदों के अतिरिक्त विभागवार सम्मिलित किये जा रहे पदों की संख्या व उनके सापेक्ष क्षैतिज आरक्षण का विवरण**

| क्र. सं. | विभाग का नाम | पदनाम | स्व0 संग्राम सेनानी के आश्रित | दिव्यांगजन / पद संख्या व विभाग द्वारा चिन्हांकित उप श्रेणियां | | | | | सैन्य वियोजित /भूतपूर्व सैनिक | महिला | उत्कृष्ट खिलाड़ियों हेतु |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | (क) दृष्टिहीनता एवं कम दृष्टिहीनता | (ख) बधिर और श्रवण शक्ति में ह्रास | (ग) प्रमस्तिष्कीय अंगघात, उपचारित कुष्ठ, बौनापन, एसिड आक्रमण पीड़ित और मांसपेशीय दुष्पोषण सहित चलन क्रिया सम्बन्धी निःशक्तता | (घ) स्वपरायणता, बौद्धिक निःशक्तता, विशिष्ट अधिगम निःशक्तता और मानसिक अस्वस्थता | (ङ) खण्ड (क) से (घ) के अधीन आने वाले व्यक्तियों में से बहु निःशक्तता, जिसके अन्तर्गत प्रत्येक निःशक्तता के लिए अभिज्ञानित पदों में बधिर-अंधता सम्मिलित है (MD) | | | |
| 1 | महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ, वाराणसी | भेषजिक (विशेष चयन) | 00 | -- | -- | -- | -- | -- | 00 | 00 | 00 |
| 2 | माँ विंध्यवासिनी विश्वविद्यालय मीरजापुर | भेषजिक | 00 | -- | -- | -- | -- | -- | 00 | 00 | 00 |

| क्र. सं. | विभाग का नाम | पदनाम | स्व0 संग्राम सेनानी के आश्रित | दिव्यांगजन / पद संख्या व विभाग द्वारा चिन्हांकित उप श्रेणियां | | | | | सैन्य वियोजित /भूतपूर्व सैनिक | महिला | उत्कृष्ट खिलाड़ियों हेतु |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | (क) दृष्टिहीनता एवं कम दृष्टिहीनता | (ख) बधिर और श्रवण शक्ति में ह्रास | (ग) प्रमस्तिष्कीय अंगघात, उपचारित कुष्ठ, बौनापन, एसिड आक्रमण पीड़ित और मांसपेशीय दुष्पोषण सहित चलन क्रिया सम्बन्धी निःशक्तता | (घ) स्वपरायणता, बौद्धिक निःशक्तता, विशिष्ट अधिगम निःशक्तता और मानसिक अस्वस्थता | (ड़) खण्ड (क) से (घ) के अधीन आने वाले व्यक्तियों में से बहु निःशक्तता, जिसके अन्तर्गत प्रत्येक निःशक्तता के लिए अभिज्ञानित पदों में बधिर-अंधता सम्मिलित है (MD) | | | |
| 3 | माँ पाटेश्वरी विश्वविद्यालय, बलरापुर | भेषजिक | 00 | -- | -- | -- | -- | -- | 00 | 00 | 00 |
| 4 | गुरू जम्भेश्वर युनिवर्सिटी, मुरादाबाद | भेषजिक | 00 | -- | -- | -- | -- | -- | 00 | 00 | 00 |
| **कुल योग** | | | **00** | -- | -- | -- | -- | -- | **00** | **00** | **00** |

## 3 - अर्हता-

**अनिवार्य अर्हता (शैक्षिक)-** उत्तर प्रदेश भेषजिक सेवा नियमावली, 1980 भाग-4 नियम-8 के अनुसार सेवा में पद पर सीधी भर्ती के लिए यह आवश्यक है कि अभ्यर्थी किसी मान्यता प्राप्त संस्था से भेषजिकी (फार्मेसी) का डिप्लोमा रखता हो, से स्टेट फार्मेसी काउंसिल, उत्तर प्रदेश में पंजीकृत भी होनी चाहिए। (A candidate for direct recruitment to the posts in the service must possess diploma in Pharmacy from a recognised institution and must also be registered with the State Pharmacy Council, Uttar Pradesh.)

**अधिमानी अर्हता-** उत्तर प्रदेश भेषजिक सेवा नियमावली, 1980 के भाग-4 नियम-09 के अनुसार ऐसे अभ्यर्थी को जिसने-

**(एक)** प्रादेशिक सेना में न्यूनतम दो वर्ष की अवधि तक सेवा की हो, या

**(दो)** जिसने राष्ट्रीय कैडेट कोर का 'बी' प्रमाण-पत्र प्राप्त किया हो, अन्य बातों के समान होने पर सीधी भर्ती के मामले में अधिमान दिया जायेगा।

## 4- आयु –

सेवा में **भेषजिक** के पद पर सीधी भर्ती के लिए अभ्यर्थी की आयु जिस वर्ष भर्ती की जानी हो, उस वर्ष की पहली जनवरी को, यदि पद पहली जनवरी से 30 जून की अवधि में विज्ञापित किये जायं, और पहली जुलाई को यदि पहली जुलाई से 31 दिसम्बर की अवधि में विज्ञापित किये जांय, **18 वर्ष** का हो जाना चाहिए और **40 वर्ष** से अधिक नहीं होनी चाहिए।

परन्तु अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जन जातियों और ऐसी अन्य श्रेणियों के, जो सरकार द्वारा समय-समय पर अधिसूचित की जाय, अभ्यर्थियों की दशा में उच्चतर आयु सीमा उतने वर्ष अधिक होगी जितनी विनिर्दिष्ट की जाय।

सूच्य है कि यह शुद्धि-पत्र आयोग के विज्ञापन संख्या-01-परीक्षा/2026, दिनांक 28-02-2026 के अनुक्रम में निर्गत किया जा रहा है । इसके अंतर्गत आवेदन की प्रक्रिया, आवेदन शुल्क, चयन का आधार एवं विहित शर्तें व अनुदेश वहीं रहेगें, जो पूर्व में प्रश्नगत विज्ञापन के अंतर्गत प्रकाशित किये गये हैं ।

अभ्यर्थियों को यह भी सूचित किया जाता है कि विज्ञापन संख्या-01-परीक्षा/2026 के अंतर्गत ऑनलाइन आवेदन/ शुल्क जमा/ आवेदन सबमिट करने/ शुल्क समायोजन एवं आवेदन में संशोधन की अंतिम तिथि विस्तारित कर दी गयी हैं, जो निम्नवत हैं-

- ऑनलाइन आवेदन/ शुल्क जमा /आवेदन सबमिट करने की अंतिम तिथि- **31-03-2026**
- शुल्क समायोजन एवं आवेदन में संशोधन की अंतिम तिथि- **07-04-2026**

**ऐसे अभ्यर्थी जिनके द्वारा प्रश्नगत विज्ञापन के अंतर्गत अपना आवेदन अंतिम रूप से सबमिट किया जा चुका है उन्हें पुनः आवेदन करने की आवश्यकता नहीं है।**

(अवनीश सक्सेना)
सचिव।